कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून

वैभव पैलेस, सी-1/105, इन्दिरा नगर, देहरादून-248006

स0 : स्था0नि0/प्रतिवेदन संख्या-69/2016-17/

दिनांक : /01/2017

सेवा में,

खण्ड विकास अधिकारी,

क्षेत्र पंचायत- कालसी

जिला- देहरादून

विषय : क्षेत्र पंचायत कालसी का वर्ष 2013-14 से वर्ष 2015-16 तक का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

आपके कार्यालय का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रेषित कर यह अवगत कराना है कि प्रतिवेदन के भाग 4 (ब)-1 में **शून्य** प्रस्तर, भाग-4 (ब)-2 में **11** प्रस्तर तथा STAN मे शून्य प्रस्तर है। इन प्रस्तरों को भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक, नई दिल्ली की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण प्रतिवेदन (Annual Technical Inspection Report) (ATIR) में सम्मिलित किया जाना सम्भावित है। भाग-4 (ब)-2 के सभी प्रस्तरों की प्रतिपालन आख्या अपने उच्चतर अधिकारी (निदेशक, पंचायती राज निदेशालय उत्तराखण्ड) के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार प्रतिवेदन की प्रथम प्रतिपालन आख्या इनकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर संलग्न प्रारूप में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: 1 प्रतिवेदन की प्रति

2 प्रतिपालन आख्या का प्रारूप

भवदीय

वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/स्थानीय निकाय

सं0 स्था0नि0/प्रतिवेदन संख्या- 69/2016-17/ **दिनांक: /01/2017**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1- सचिव, पंचायती राज उत्तराखण्ड शासन, देहरादून ।

2- निदेशक, पंचायती राज निदेशालय उत्तराखण्ड, सहस्त्रधारा रोड़पार्क के पास.टी.आई ,, देहरादून।

3- निदेशक, लेखापरीक्षा (आडिटनिदेशालय (, द्वितीयतल-, आयुक्त कर भवन, जोगीवाला, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून, पिन कोडः 248005

4- जिला पंचायतराज अधिकारी, देहरादून

वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी/स्थानीय निकाय

कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून

भाग-एक

वर्ष 2013-14 से 2015-16 के लिये खण्ड़ विकास अधिकारी, क्षे.पं.- कालसी, जनपद- देहरादून पर निरीक्षण प्रतिवेदन

(अ) संप्रेक्षावधि मे कार्यरत ब्लाक प्रमुख तथा खण्ड़ विकास अधिकारी का नाम तथा पदनाम

(i) - प्रमुख, क्षेत्र पंचायत

(ii) श्रीमती बी.पी.खण्डूरी खण्ड़ विकास अधिकारी (प्रभारी)

(बसंप्रेक्षा सदस्यों के नाम तथा पदनाम (

(i) श्री लक्ष्मण सिहं, वरिष्ठ लेखापरीक्षक

(ii) श्री केदार सिहं, स.ले.प.अ. .

(iii) श्री विजय बडथ्वाल, स.ले.प.अ

(vi श्री बी.एस.चन्देल, व.ले.प.अ.

(ससंप्रेक्षा तिथि (06.11.2016 से16.11.2016 तक

(दसंप्रेक्षा में आच्छादित अवधि (:2013-14 से 20115-16 तक

भाग-दो

परिचयात्मक :

1. पंचायतीराज संस्था का नाम : **ख.वि.अ. क्षे.पं.- कालसी, जनपद- देहरादून**

(अ) उपरोक्त यदि ज़िला पंचायत है तो क्षेत्र पंचायतो तथा ग्राम पंचायतों की संख्या हैः-

(ब) उपरोक्त यदि क्षेत्र पंचायत है तो ग्राम पंचायतों की संख्याः 112

भौगोलिक क्षेत्र :-

जनसंख्या :

2- निर्वाचित सदस्यों की संख्या

3- (अ) पंचायत द्वारा आयोजित बैठकों की संख्याः

4- (ब) उपसमितियों स्थायी समितियों की संख्या तथा प्रत्येक आयोजित बैठक की संख्या: बैठक

5- कर्मचारियों की संख्या : 23

6- पंचायतराज की सम्पत्तियां : -

7- पंचायतराज के अपने प्रोजेक्ट:-

8- योजनाओं की संख्या :--

9- (अ)सामाजिक संरक्षा

(ब (रोजगार सृजन से सम्बन्धित -

(वर्ष के दौरान पूर्ण की गई योजनायें: -

(लाभार्थीयों की संख्या-

10- वर्ष के दौरान कर, रेट्स ड्यूटी चुंगी आदि की वसूली तथा बकाया राशि : कोई नही

11- वर्ष के दौरान कुल व्यय : आय व्यय विवरण के अनुसार-

(अ-सामान्यः (भाग -3 के अनुसार)

(ब योजनाओं पर ((प्रत्येक योजना का अलगएवं संलग्नक के रूप में लगाया जाये। (अलग दर्शाया जाये-

12. क्या वार्षिक योजनाओं एवं बजट पर निर्वाचित निकाय द्वारा चर्चा की गयी तथा उसे पारित किया गया है -

भाग-4 (अ)

(क) परिचयात्मकः कार्यालय **खण्ड विकास अधिकारी, क्षेत्र पंचायत- कालसी, जनपद- देहरादून** के लेखा/अभिलेखों की वर्ष 2013-14 से 2015-16 तक की सम्प्रेक्षा श्री बी.एस.चन्देल, व.ले.प.अ.श्री विजय बडथ्वाल,स.ले.प.अ..श्री केदार सिहं, स.ले.प.अ.एवं श्री लक्ष्मण सिहं, वरिष्ठ लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक 06.11.2016 से 16.11.2016 तक सम्पादित की गयी।

(ख) विगत प्रतिवेदनों के बकाया प्रस्तरों की स्थितिः-

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं0	**प्रस्तर भाग4(ब)-1**	**प्रस्तर भाग 4(ब)-2**
(i)महालेखाकार कार्यालय के लम्बित प्रस्तर -		
AIR-541/2015-16	शून्य	प्रस्तर-01.02&03

प्रतिवेदन संख्या वर्ष	**भाग प्रस्तरों की संख्या**
(ii) स्थानीय निधि लेखापरीक्षा के लम्बित प्रस्तर: -	

(ग) सतत अनियमितताओं की सूची: - शून्य

(घ) अप्रस्तुत अभिलेख: - शून्य

भाग4(ब)–2

प्रस्तर 1(अ):- सांसद निधि के अंतर्गत कराये गए ` 11.40 लाख के कार्यों का अपूर्ण रहना ।

सांसद निधि के दिशानिर्देशों के अनुसार अवमुक्त धनराशि को एक माह के अंतर्गत व्यय तथा स्वीकृत कार्य को 90 दिनों के अंतर्गतअवश्य पूर्ण कर लिया जाना चाहिए तथा प्रथम किस्त में अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष 80% धनराशि व्यय होने के उपरांत ही द्धितीय किस्त की धनराशि अवमुक्त की जाएगी, साथ ही द्धितीय किस्त/अंतिम किस्त की धनराशि की अवमुक्ति हेतु उपयोगिता प्रमाणपत्र, व्यय धनराशि के सापेक्ष माप पुस्तिका की प्रमाणित प्रति, गुणवत्ता प्रमाणपत्र, निर्धारित प्रारूप में प्रथक से कार्यस्थल पर बोर्ड लगाए जाने का प्रमाणपत्र तथा निर्माणाधीन कार्य के विभिन्न अवस्थाओं के स्पष्ट फोटोग्राफ (कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्यस्थल का, निर्माणाधीन कार्य का एवं कार्य पूर्ण होने की दशा मे पूर्ण कार्य का) उपलब्ध करना आवश्यक होगा।

क्षेत्र पंचायत कालसी के अभिलेखों की लेखापरीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2013-14 से 2015-16 तक आरंभ कराये गए 11 कार्य लेखापरीक्षा माह तक अपूर्ण थे :-

वर्ष	कुल अपूर्ण कार्य	लागत(लाख में)
2013-14	05	5.40 लाख
2014-15	05	4.00 लाख
2015-16	01	2.00 लाख
कुल योग	**11 कार्य**	**11.40 लाख**

इस संबंध में पूछे जाने पर इकाई द्वारा बताया गया कि "11 कार्यों पर नोटिस जारी किए गए हैं कार्मिक का स्थानांतरण हो जाने के फलस्वरूप उनको कई बार नोटिस भेजे गए हैं तथा वसूली निर्धारित भी की गई है" तथा शीध्र ही इसपर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

इकाई का उत्तर मान्य नहीं है क्यों की ये कार्य 90 दिनों की अवधि में पूर्ण किये जाने चाहिए थे। समय बीतने के साथ-साथ मूल्य बृद्धि से इनकार नहीं किया जा सकता तथा चूँकि उक्त योजना में लागत पुनरीक्षित कराने का प्रावधान नही है

अतः इतनी ही धनराशि में कार्य पूर्ण किये जाने पर गुणवत्ता में समओंते से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है ।

प्रस्तर 1(ब): सांसद निधि से कराये गए ` 4.70 लाख के निर्माण कार्यों में पायी गई कमियाँ

क्रमांक	कार्य का नाम	कमियाँ
1	ग्राम टिमरी में शिव मंदिर तक बाउंडरी वाल का निर्माण (लागत 50,000/-)	1. मास्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 2. माप पुस्तिका की प्रमाणित प्रति, गुणवत्ता प्रमाणपत्र, एवं कार्यस्थल पर बोर्ड लगाए जाने का प्रमाणपत्र आदि संलग्न नहीं था ।
2	ग्राम हरिपुर की नेपाली बस्ती में समूहिक आँगन निर्माण (लागत 50,000/-)	1. मास्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 2. निर्माण कार्य में क्रय की गई सामग्री का गुणवत्ता प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किया गया था । 3. साइन बोर्ड की लागत प्रत्येक कार्य मे प्रथक प्रथक दर्शाई गई थी । 4. माप पुस्तिका की प्रमाणित प्रति संलग्न नहीं थी।
3	ग्राम झुसोऊ खनगाड़ क्यारी में हौज निर्माण (लागत 70,000/-)	1. मस्टर रोल पर संबन्धित अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं थे। 2. अधिप्राप्ति नियमावली 2008 के नियमों का पालन नहीं किया गया था अर्थात कार्य के अंतर्गत क्रय की गई सामाग्री का गुणवत्ता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं था । 3. माप पुस्तिका की प्रमाणित प्रति संलग्न नहीं थी ।
4	ग्राम पंचायत तिलवाड़ी व्यसभूड़ में श्याम सिंह नेगी के घर के पास पुलिया निर्माण (लागत 1,50,000/-)	1. मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत

		अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 2. निर्माण कार्य हेतु क्रय की गई सामग्री हेतु अधिप्राप्ति नियमावली 2008 के नियमों का पालन नहीं किया गया था अर्थात रुपये 58750/- का सीमेंट सरिया क्रय का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया गया था । 3. रायल्टी की कटौती अंदाज से की गई थी MB में दर एवं माप की गणना उपलब्ध नहीं थी । 4. MB की छाया प्रति पत्रावली में नहीं लगाई गई थी ।
5	ग्राम भजरा के गाड़ छानी में पुलिया निर्माण (लागत 1,50,000/-)	1. मास्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 2. MB की छाया प्रति पत्रावली में नहीं लगाई गई थी । 3. Detailed estimate मे एवं MB मे मात्रा एवं दर मे अंतर था जबकि कुल धनराशि ` 1,50,000/- ही थी । अंतर होने का कारण MB मे विस्तरित आगणन के सापेक्ष कम items of works लिए गए थे । MB में विस्तृत आगणन में दर्ज items of works के अलावा कार्य कराया गया था । 4. अधिप्राप्ति नियमावली 2008 के नियमों का पालन नहीं किया गया था अर्थात गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया गया था ।

उपरोक्त कमियों के संबंध में पूछे जाने पर इकाई द्वारा कहा गया कि संबन्धित अवर अभियंता को भविष्य हेतु निर्देश पृथक से जारी किए जाएँगे, धनराशि का ब्योरा भी दर्शाया जाएगा, एम बी मूल रूप में प्रस्तुत की गई है, फोटो स्टेट मशीन न होने के कारण नहीं लगाई गई है, भविष्य में इसका पालन किया जाएगा ।

उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि नियमानुसार सभी अपेक्षित बिन्दुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था । प्रकरण संज्ञान मे लाया जाता है ।

प्रस्तर 2(अ):- विधायक निधि के अंतर्गत कराये गए ` 57.36 लाख के कार्यों का अपूर्ण रहना ।

विधायक निधि के संदर्भ में दिये गए दिशानिर्देशों एवं कार्यादेश में दिये गए बिन्दुओं के अनुसार इस योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य अन्य के साथ निम्नलिखित शर्तों के अधीन कराया जाना था :

1. निर्माण कार्य स्वीकृत कार्य के कार्यादेश की तिथि से 2 माह के समय के भीतर आवश्यक रूप से पूर्ण कराएँ ।
2. योजना का निर्माण कार्य उक्त स्वीकृत धनराशि के भीतर ही कार्य पूर्ण कराया जाएगा ।
3. योजना के निर्माण कार्य में सामग्री उच्च कोटि की लगाई जाएगी ।
4. इस योजना के अधीन निर्माण कार्य स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रकृति के होंगे तथा स्थायी परिसंपत्तियों के सृजन पर बल दिया जाएगा ।
5. संबन्धित मुख्य विकस्स अधिकारी इस योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर निर्माण कार्य से समन्वय और इनके समग्र पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होंगे ।
6. विधायक निधि योजना का निर्माण कार्य लिखा हुआ सूचना पट्ट कार्यस्थल पर लगाया जाएगा ।
7. इस योजना के अंतर्गत प्रथम किस्त के रूप में 75% धनराशि अवमुक्त की जानी थी ।

कालसी क्षेत्र पंचायत के अभिलेखों की लेखापरीक्षा में पाया की विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2015-16 में कुल 186 कार्य स्वीकृत किए गए थे । जिसके लिए धनराशि अवमुक्त की गई थी । आगे यह पाया गया की 186 के सापेक्ष मात्र 86 कार्य ही पूर्ण किए गए थे जबकि 100 कार्य 9 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी अपूर्ण थे (संलग्नक क)।

इस विषय में इकाई से पूछे जाने पर तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि कर बताया गया कि सभी कमियों को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाएगा तथा आगे के कार्यों में इस प्रकार की गलती नहीं दोहराई जाएगी । इकाई का उत्तर अमान्य था क्योंकिनिर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण नहीं कराया गया, विलंब होने से अर्ध निर्मित कार्यों के क्षरण होने की संभावना रहती है ।

प्रस्तर 2(ब): विधायक निधि से कराये गए ` 18.11 लाख के निर्माण कार्यों में पायी गई कमियाँ

क्रमांक	कार्य का नाम	कमियाँ
1	ग्राम ग्राम लेलटा से धोई छानी तक संपर्क मार्ग निर्माण(लागत 1,00,000/-)	1. प्रथम किस्त के रूप में 75% से अधिक धनराशि (78,000/-) मुक्त की गई थी । 2. मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 3. निर्माण कार्य से पूर्व स्थल की लगाई गई फोटो तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने पर स्थल की लगाई गई फोटो में कोई विशेष अंतर नहीं था, जिससे 15 मजदूरों द्वारा 42 दिन

		तक कार्य किए जाने पर संदेह था, जैसा कि item of work में दर्शाया गया था । अभिलेखों में MB की छाया प्रति संलग्न नहीं की गई थी । 4. कार्य की निरीक्षण/अनुश्रवण रिपोर्ट संलग्न नहीं थी । 5. Estimate में board ` 2000/-का था जबकि ` 2500/- चार्ज किया गया था ।
2	ग्राम डांडा पिहानी से बुलगाड तक संपर्क मार्ग निर्माण(लागत 1,05,000/-)	1. प्रथम किस्त के रूप में 75% से अधिक धनराशि (88,000/-) अवमुक्त की गई थी । 2. मस्टर रोल पर उपस्थिती लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 3. माह मार्च 2016 मे सभी 31 दिन कार्य दिवस दर्शाया गया था ।
3	ग्राम डिमाउ से डांडा छानी तक संपर्क मार्ग निर्माण (लागत 90,000/-)	1. निर्माण कार्य से पूर्व स्थल की लगाई गई फोटो तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने पर स्थल की लगाई गई फोटो में कोई विशेष अंतर नहीं था, जिससे 14 मजदूरों द्वारा 39 दिन तक कार्य किए जाने पर संदेह था, जैसा की item of work में दर्शाया गया था । अभिलेखों में MB की छाया प्रति संलग्न नहीं की गई थी ।
4	बिसोई मंदिर के सौंदर्यकरण का कार्य (लागत 10,00,000/-)	1. आगणन में दर्शाये गए कार्य विवरण के अनुसार कार्य नहीं कराया गया था क्योंकि MB मे दिये गये विवरण में अंतर था । 2. मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले कर्मचारी / अधिकारी के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव संख्या, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं थे । 3. कार्य के निरीक्षण किए जाने की तिथि दर्ज नहीं थी ।
5	कहा नैहरा पुनाह के किराड़ खड्ड मे सुरक्षात्मक कार्य व चैक डैम निर्माण (लागत 2,50,000/-)	1. आगणन मे दिये गए विस्तृत कार्य विवरण एवं MB मे दर्शाई गई गणना में अंतर था। 2. मस्टर रोल की प्रविष्टियों को पूर्ण रूप से नहीं भरा गया था ।

		3. निर्माण कार्य मे wire crate का मूल्य आगणन मे ` 2,39,093/- दर्शाया गया था जबकि MB में ` 2,29,400/- दर्शाया गया था किन्तु वाउचर मात्र ` 35,400/- का संलग्न किया गया था । 4. कार्य के निरीक्षण किए जाने की तिथि दर्ज नहीं थी ।
6	ग्राम सराडी -1 व सराडी-2 से छिबरो तक संपर्क मार्ग (लागत 1,00,000/-)	1. मस्टर रोल की प्रविष्टियों को पूर्ण रूप से नहीं भरा गया था । 2. Sign board पर ` 2500/- चार्ज किए गए थे जबकि इसी प्रकार की अन्य योजनाओं मे ` 1000/- से ` 2000/- तक चार्ज किए गए थे।
7	ग्राम किरौउ सिपोउ से बसोई खेड़ा स्यारणी खड्ड अश्व मार्ग व तारजाल कार्य (लागत 1,66,000/-)	1. योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य आरंभ करने से पूर्व के फोटोग्राफ एवं योजना पूर्ण होने के बाद के फोटोग्राफ मे अंतर था तथा sign board की लागत ` 2500/- चार्ज की गई थी । 2. मस्टर रोल की प्रविष्टियों को पूर्ण रूप से नहीं भरा गया था । 3. तार जाल पर ` 18,000/- का वाउचर संलग्न किया गया था जोकि आगणन में नहीं दर्शाया गया था । 4. कार्य की निरीक्षण तिथि दर्ज नहीं थी ।

इकाई द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि की गई । तथा बताया गया कि कार्यों में इस प्रकार की गलती नही दोराई जाएगी। उत्तर आमान्य है क्योंकि निर्देशों का पालन नहीं करने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को प्रभाकित होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

अतः निर्माण कार्यों के समय से पूर्ण न होने एवं पूर्ण कार्यों में पायी गयी अनियमितता के प्रकरण को प्रकाश में लाया जाता है।

प्रस्तर 03– विभिन्न मदों के तहत प्राप्त धनराशि पर अर्जित ब्याज की धनराशि ` 5.76 लाख को राजकोष में जमा न किया जाना।

उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 347/वि.आ.निदे.(तृ.रा.वि.आ.)/2013 दिनांक 17जनवरी, 2013 के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं (जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत, व ग्राम पंचायत) को विभिन्न स्रोतों से प्राप्त धनराशि (जैसे राज्य वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग, क्षेत्र विकास निधि, विधायक निधि, पी.एम.जी.एस. वाई., मनरेगा आदि) जो लम्बे समय तक व्यय न हो पाने के कारण बैंकों में जमा रहती है तथा जिस पर ब्याज अर्जित होता है उस अर्जित ब्याज की धनराशि को राजकोष के ब्याज प्राप्ति मद में (0049 ब्याज प्राप्ति शीर्ष) जमा किया जाना चाहिए।

क्षेत्र पंचायत, कालसी के अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा में पाया गया इकाई को विभिन्न योजनाओं में आवंटित धनराशि पर मार्च 2016 तक ` 5.76 लाख की धनराशि ब्याज के रूप में प्राप्त हुई थी, जिसे लेखापरीक्षा तिथि तक राजकोष में जमा नही कराया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई ने अपने उत्तर में बताया कि यथाशीघ्र ब्याज की धनराशि को राजकोष में जमा कर दिया जायेगा।

इकाई का उत्तर मान्य नही है क्योंकि शासन द्वारा निर्गत आदेशों का पालन करना अनिवार्य है तथा धनराशि को समय से राजकोष में जमा कर इसका उपयोग अन्य विकास कार्यों में किया जा सकता था।

अतः अर्जित ब्याज की धनराशि ` 5.76 लाख को राजकोष में जमा न किये जाने का प्रकरण प्रकाश में लाया जाता है।

भाग 4(ब)-2

प्रस्तर 4 (अ) : क्षेत्र पंचायत विकास निधि के अंतर्गत ` 279600/- धनराशि के निर्माण कार्यों में अनियमिततायें

क्षेत्र पंचायत कालसी, जनपद देहरादून के क्षेत्र पंचायत निधि के वर्ष 2013-14 से 2015-16 से संबन्धित चयनित निर्माण कार्यों के अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा जांच में निम्नलिखित तथ्य/बिन्दु प्रकाश में आये जिनकी विस्तृत जानकारी **अनुलग्नक "अ"** में दर्शाया गया है : -

(अ) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ति तिथि अंकित नहीं की गयी थी (क्रम संख्या 01 से 06 पर अंकित कार्य योजना)।

(ब) निर्माण कार्यो में उपयोग में लाये जाने वाली सामग्री की मात्रा (क्वान्टिटी) का आंकलन आगणन में नहीं दर्शाया गया था ((क्रम संख्या 02 & 03 पर अंकित कार्य योजना)।

(स) आगणन के अनुसार निर्माण कार्य में सीमेंट का उपयोग किया जाना था परंतु माप पुस्तिका एवं पत्रावली में न ही सीमेंट के उपयोग का कोई प्रमाण पाया गया और न ही इसके लिए कोई भुगतान किया गया था जिससे यह स्पष्ट नहीं था कि संबन्धित कार्य मे सीमेंट का प्रयोग किया गया (क्रम संख्या 02 पर अंकित कार्य योजना)। इसके अतिरिक्त आगणन के अनुसार एवं वास्तव में उपयोग में किए गए सीमेंट की मात्रा में बहुत अंतर पाया गया था (क्रम संख्या 04, 05 & 06 पर अंकित कार्य योजना)।

(द) कार्यादेश जारी होने से पहले की तिथि के सामग्री क्रय किए जाने के बिल/वाउचर पत्रावालियों में पाये गए। जिससे यह प्रतीत होता है कि कार्यादेश जारी होने से पहले ही सामग्री क्रय कर ली गयी थी (क्रम संख्या 01 & 03 पर अंकित कार्य योजना)।

(ध) निर्माण कार्यो के आगणन एवं कार्य पूर्ण होने के उपरांत की गयी माप में काफी भिन्नता पायी गयी। साथ ही आगणन में प्रस्तावित सामग्री एवं लेवर अंश तथा वास्तविक भुगतान में काफी अंतर पाया गया था (क्रम संख्या 01, 02, 04 & 06 पर अंकित कार्य योजना)।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई ने उपरोक्त अनियमिताओं को स्वीकार करते हुए अपने उत्तर में बताया कि समस्त आपत्तियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

अतः प्रकरण उच्चाधिकारियों के सज्ञान में लाया जाता है।

प्रस्तर 4(ब):- क्षेत्र पंचायत विकास निधि के अंतर्गत ` 232700/- धनराशि के निर्माण कार्यों का अपूर्ण रहना।

क्षेत्र पंचायत कालसी, जनपद देहरादून के क्षेत्र पंचायत निधि के वर्ष 2013-14 से 2015-16 से संबन्धित चयनित निर्माण कार्यों के अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा जांच में पाया गया कि निर्माण कार्यों के कार्यदेश के अनुसार कार्यों को तीन माह के अंदर पूर्ण किया जाना चाहिए था परंतु ` 175000/- की धनराशि अवमुक्त किए लगभग 15 माह बीत जाने के उपरांत भी निम्नलिखित कार्य लेखापरीक्षा तिथि तक अपूर्ण थे: -

क्रम संख्या	**योजना का नाम**	**अनुमानित लागत**	**अवमुक्त धनराशि (`)**
1.	लोरली गाँव में सी सी खड़ंजा	46600	35000
2.	बसाया में मंदिर आँगन का सौदर्योकरण	23300	17500
3.	पाटा में पंचायती मंदिर आँगन निर्माण	23300	17500
4.	ग्राम हयो में श्री नरेंद्र आदि के खेतों के पास हौज निर्माण	25000	19000
5.	कुनावा एस.सी. बस्ती में सी सी खड़ंजा निर्माण	21600	16000
6.	मथेऊ मंदिर का सौदर्योकरण	46600	35000
7.	लटऊ मंदिर में प्राकृतिक पानी श्रोत का सुधारीकरण कार्य	25000	16000
8.	डाबटा में सामूहिक शौचालय	21600	19000
	योग	232700	175000

उपरोक्त के संबंध में लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई ने अपने उत्तर में बताया कि समस्त कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा। इकाई का उत्तर मान्य नहीं था। क्योंकि समय वृद्धि के साथ-साथ मूल्य वृद्धि से इनकार नही किया जा सकता।

अतः प्रकरण उच्चाधिकारियों के सज्ञान में लाया जाता है।

(अनुलग्नक "अ")

क्षेत्र पंचायत विकास निधि के अंतर्गत कराये गए चयनित कार्यों का विश्लेषण

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (`)	कुल लागत (`)	कार्य आदेश /कार्य पूर्ण तिथि	टिप्पणी
1	कोटी में श्री चमन सिंह के घर से संतराम के घर तक सी.सी.मार्ग	46600	46600	24/07/2015 & 22/08/2015	(i) आगणन एवं निर्माण उपरांत कार्य की माप में भिन्नता पायी गयी। (आगणन में क्रम संख्या 4 पर अंकित कार्य माप पुस्तिका में अंकित नहीं था) (ii) आगणन में कुल मेटीरियल लागत एवं लेवर लागत ` 41013 & ` 5737 दर्शायी गयी थी जबकि इसके सापेक्ष क्रमशः मेटेरियल में ` 14238 & लेबर में ` 32522 व्यय किया गया। (iii) कार्यदेश 24/07/2015 को जारी किया गया जबकि ` 11220/- लागत की सीमेंट का क्रय बिल कार्यादेश जारी होने से पहले की तिथि (संख्या 464 दिनांक 10/07/2015) का लगाया गया था। (iv) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण होने की तिथियाँ अंकित नहीं की गयी थी।
2	बडेत (सिलाड़ा) मंदिर का सौंदर्यीकरण	46600	46732/46600	23/07/2015 & 25/01/2016	(i) आगणन एवं निर्माण उपरांत कार्य की माप में भिन्नता पायी गयी। (आगणन में क्रम संख्या 3 & 4 पर अंकित कार्य माप पुस्तिका में अंकित नहीं थे)। (ii) आगणन के अनुसार कार्य के लिए सीमेंट का उपयोग किया जाना आवश्यक है परंतु पत्रावली में सीमेंट के क्रय से संबन्धित कोई बिल/वाउचर संलग्न नहीं थे, ना ही इस संबंध में कोई भुगतान किया गया था। (iii) निर्माण कार्यो में उपयोग में लाये जाने वाली सामग्री की मात्रा (क्वारिटी) का आंकलन आगणन में नहीं दर्शाया गया था। (iv) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण होने की तिथियाँ अंकित नहीं की गयी थी।
3	बागी गाँव में रास्ते का सुरक्षात्मक कार्य	46600	46686/46600	27/07/2015 & 26/10/2015	(i) कार्यादेश 27/07/2015 को जारी किया गया तथा मस्टर रौल के अनुसार कार्य 01 अक्टूबर 15 को शुरू किया गया था जबकि ` 7000/- लागत की सीमेंट का क्रय बिल कार्यादेश जारी होने से पहले की तिथि (संख्या 118 दिनांक 15/05/2015) का लगाया गया था। (ii) निर्माण कार्यो में उपयोग में लाये जाने वाली सामग्री की मात्रा (क्वान्टिटी) का आंकलन आगणन में नहीं दर्शाया गया था। (iii) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण होने की

					तिथियाँ अंकित नहीं की गयी थी।
4	रिखाड़ के अंतर्गत प्राइमरी स्कूल के रास्ते का सी सी मार्ग का निर्माण	46600	46398	26/07/2016 & 20/12/2016	(i) आगणन एवं निर्माण उपरांत कार्य की माप में भिन्नता पायी गयी। (आगणन में क्रम संख्या 4 पर अंकित कार्य माप पुस्तिका में अंकित नहीं था)। (ii) आगणन के अनुसार कार्य के लिए 63 बैग सीमेंट का उपयोग किया था परंतु पत्रावली एवं माप पुस्तिका के अनुसार कार्य में केवल 32 बैग सीमेंट का उपयोग किया गया है। (iii) कार्यादेश में एवं आगणन में योजना के नाम में भिन्नता थी। साथ ही पत्रावली में संबन्धित फोटोग्राफ भी संलग्न नहीं थे । (iv) प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण होने की तिथियाँ अंकित नहीं की गयी थी।
5	पटियाना में एस. सी बस्ती में सी सी खड़ंजा निर्माण	46600	46674/46600	जुलाई 15 /20/12/15	(i) आगणन के अनुसार कार्य के लिए 63 बैग सीमेंट का उपयोग किया था परंतु पत्रावली एवं माप पुस्तिका के अनुसार कार्य में केवल 39 बैग सीमेंट का उपयोग किया गया था। (ii) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य पूर्ण/निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी। साथ ही माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण होने की तिथियाँ अंकित नहीं की गयी थी। (iii) मस्टर रोल के अनुसार कार्य 20 दिसंबर 15 तक दर्शाया गया है जबकि योजना का अंतिम भुगतान 04/11/2015 को दर्शाया गया था ।
6	पटियाना में एस. सी बस्ती में सी सी खड़ंजा निर्माण	46600	46634/46600		(i) आगणन के अनुसार कार्य के लिए 63 बैग सीमेंट का उपयोग किया था परंतु पत्रावली एवं माप पुस्तिका के अनुसार कार्य में केवल 40 बैग सीमेंट का उपयोग किया गया था । (ii) आगणन में कुल मेटीरियल लागत एवं लेवर लागत ` 41013 & ` 5737 दर्शायी गयी थी जबकि इसके सापेक्ष क्रमशः मेटेरियल में ` 15512/- & लेबर में ` 29624/- व्यय किया गया। (iii) कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र (डी.पी.सी. 9) में कार्य निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं की गयी थी।
कुल योग =		**279600**	**279598**		

प्रस्तर 05–राज्य वित्त से सम्बंधित कार्यों को कार्यादेश के विपरीत कराया जाना तथ ` 4.70 लाख के कार्यों का अपूर्ण/अनारम्भ रहना ।

राज्य वित्त से सम्बंधित कार्यों के कार्यादेश के अनुसार कार्य प्राक्कलन के अनुसार क0 अभियंता की तकनीकी देख–रेख में कराया जायेगा तथा प्राक्कलन से अधिक भुगतान नही किया जायेगा, योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ प्रस्तुत कराना अनिवार्य होगा, योजना का अंतिम भुगतान अवर अभियंता द्वारा कार्य का मूल्यांकन माप पुस्तिका में करने के पश्चात एवं माप पुस्तिका सक्षम अधिकारी के द्वारा प्रति हस्ताक्षर किये जाने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा, निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही तथा मानकों के आधार पर ही होनी चाहिए, कार्य पूर्ण होने के पश्चात कार्य स्थल की एक फोटो खीचकर अंतिम भुगतान के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करनी होगी तथा कार्य स्थल पर योजना निर्माण का बोर्ड भी लगाया जायेगा।

क्षेत्र पंचायत, कालसी के राज्य वित्त से सम्बंधित अभिलेखों की लेखापरीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में राज्य वित्त के अंतर्गत कराये गये कार्यों में निम्नलिखित कमियां पायी गई –

क्र0 सं0	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	कमियां
	वर्ष 2014–15		
1	**ध्वैरा से बकेला सम्पर्क मार्ग निर्माण**	0.70	(i) कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (ii)पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर नही थे। (iv) योजना के अंतर्गत लगाये गये साइन बोर्ड पर कार्य प्रारम्भ एवं कार्य पूर्ण की तिथि दर्ज नही थी।
2	**रानी गॉव में प्राथमिक विद्यालय भवन की चारदीवार का निर्माण कार्य**	1.50	(i)पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे। (iii))कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iv) इस योजना के अंतर्गत लगाये जाने वाले साइन बोर्डों हेतु भुगतान की गई धनराशि में समानता नही थी।
3	**ग्राम दुधऊ में श्री आन्नद सिंह चौहान के घर के पास सुरक्षा दीवार का निर्माण**	1.50	(i)पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।

			(iii) कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी।
4	**रिखाड से क्यारी छानी तक सम्पर्क मार्ग निर्माण**	1.00	(i)पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii)कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
5	**ग्राम झुसऊ से समारा छानी तक सर्म्पक मार्ग निर्माण**	1.00	(i)पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii)कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
6	**ईच्छला में ईच्छला डाडा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण**	2.00	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii)उक्त कार्य राज्य वित्त वर्ष 2014–15 से सम्बंधित था जबकि साइन बोर्ड में कार्य को राज्य वित्त वर्ष 2015–16 में दर्शाया गया था। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे। (iv) एम0बी0 के अनुसार कार्य पूर्ण की तिथि 30.01. 2015 थी जबकि मस्टर रोल के अनुसार कार्य पूर्ण की तिथि 25.02.2015 थी।
7	**भराड खेडा से बागी छानी तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण**	1.00	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii)कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
8	**सैंज से अमलावा नदी तक खच्चर मार्ग सुधारीकरण**	1.00	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii) कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
9	**ब्यासी नहर में सुभाष, ओम प्रकाश आदि के खेतों का समतलीकरण सुरक्षात्मक कार्य**	0.75	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii) कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी।

			(iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
	वर्ष 2015–16		
1	**ग्राम सुपोऊ में मुख्य मार्ग से गांव तक मार्ग निमार्ण**	2.50	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii) कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के हस्ताक्षर नही थे।
2	**बेसोगीलानी में सड़क से इण्टर कालेज तक मोटर मार्ग निर्माण**	1.00	(i) पत्रावली में योजना प्रारम्भ करने से पूर्व का फोटोग्राफ संलग्न नही था। (ii कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र में कार्य के निरीक्षण की तिथि दर्ज नही थी। (iii) मस्टर रोल पर उपस्थिति लेने वाले के हस्ताक्षर, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव सं0, दिनांक, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर के हस्ताक्षर नही थे।

